सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 339 | इंदौर, शुक्रवार 26 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 4 दिन में पूरा एमपी कवर करेगा मानसून

# बारिश, इंदौर में 15 पर्यटन स्थल 22 अगस्त तक बंद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/इंदौर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में मानसून की रफ्तार बढ़ गई है। गुरुवार को शाजापुर में 2 इंच से ज्यादा बारिश हुई और आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इंदौर में लगातार बारिश और हादसों की आशंका को देखते हुए 15 जोखिम वाले पर्यटन स्थलों पर 22 अगस्त तक प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 46 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 2 से 4 दिनों में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर सकता है।**

गुरुवार को शाजापुर में 51 मिमी यानी 2 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। जिले के ग्राम बेसरापुर के जंगल में बकरियां चरा रहे 64 वर्षीय आत्माराम मालवीय की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। तेज बारिश के बीच उन पर बिजली गिरी और मौके पर ही उनकी जान चली गई।

बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हुआ। जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु वार्ड के सामने लगा टीनशेड गिर गया, जबकि हरायपुरा स्थित मंगलमूर्ति हनुमान मंदिर परिसर में पीपल का पेड़ धराशायी हो गया। हाईवे किनारे भी कई जगह पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा। लगातार बारिश और संभावित हादसों को देखते हुए इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने महू क्षेत्र के जोखिम वाले पर्यटन स्थलों पर आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत जारी आदेश 25 जून से 22 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रतिबंधित स्थलों में तिंछा फॉल, चोरल फॉल, चोरल डैम, सीतलामाता फॉल, कजलीगढ़, मेहंदी कुंड, जामन्या कुंड, मोहाड़ी फॉल, रतबी वाटर फॉल, लोहिया कुंड, जूनापानी, चिड़िया भड़क, बामनिया कुंड, जोगी भड़क और हत्यारी खो शामिल हैं। प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड लगाने और सीमाएं चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के आलीराजपुर, इंदौर, धार, हरदा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडौरी में मानसून की आधिकारिक एंट्री हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 2 से 4 दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में फैल जाएगा। ग्वालियर-चंबल संभाग में इसकी एंट्री सबसे आखिर में होने की संभावना है।

## ● सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि बुजुर्गों के खाते में पहुंची

# सीएम मोहन यादव ने 203 करोड़ 56 लाख रुपए किए ट्रांसफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। सीएम मोहन यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में राशि ट्रांसफर की है। उन्होंने वर्चुअली इसके लाभार्थियों के खाते में 203 करोड़ 56 रुपए ट्रांसफर किए हैं। उन्होंने कहा कि घर में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद होना, तपती धूप में ठंडी छांव के समान होता है।**




### बुजुर्गों के खाते में ट्रांसफर की राशि

सीएम मोहन यादव ने 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई-बहनों और बुजुर्गों के खातों में मई महीने की 203 करोड़ 56 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से उनके खातों में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में बुजुर्गों, असहायों और समाज के सबसे कमजोर वर्ग को आदर देना केवल कर्तव्य नहीं बल्कि हमारा धर्म माना गया है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### खुद को बेसहारा न समझें

उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय का संकल्प सिद्ध हो रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार भी गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के कल्याण में जुटी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं है, अपितु निर्धन परिवारों, दिव्यांग साथियों में आपके प्रति सरकार का स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन है।

### किसानों को शून्य ब्याज पर कर्ज दिया

मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को शून्य ब्याज दर पर कर्ज दिया जाएगा और इसे चुकाने की समयावधि 31 मार्च नहीं होगी, बल्कि किसान जिस तारीख को कर्ज लेंगे, उसे अगले 12 माह की अवधि में लोन भरना होगा।

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

सीएम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है।

**राज्य सरकार सभी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है। सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसान हितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।**

**– मोहन यादव, सीएम**

# खुले चैंबर-गड्ढे और अधूरी सड़कें बनीं जानलेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर को 'फ्लायओवर और ब्रिजों का शहर' बनाने की होड़ में लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी और मेट्रो प्रशासन अपनी बुनियादी जिम्मेदारियों को पूरी तरह भूल चुके हैं। मानसून की दस्तक बेहद नजदीक आ चुकी है, लेकिन जिन सर्विस रोड के भरोसे शहर के लाखों वाहनों का ट्रैफिक डाइवर्ट किया गया है, उनकी हालत खुद बेहद गंभीर बनी हुई है। मानसून सिर पर आ गया है, लेकिन मुख्य सड़कों पर वाहनों के मार्ग में पड़े बैरिकेड्स और खुले गड्ढे जिम्मेदारों की साफ लापरवाही दर्शा रहे हैं। वहीं देवास नाका, मूसाखेड़ी सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर जलजमाव और ड्रेनेज की बदहाली को लेकर निर्माण एजेंसियों ने अधिकारियों को केवल 'अवगत' कराकर अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर ली है। शहर में चल रहे विकास कार्यों के बीच सुरक्षा मानकों की अनदेखी जनता पर भारी पड़ रही है। पिछले कुछ समय में फ्लायओवर, एलिवेटेड कॉरिडोर और मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग और सुरक्षा जाली की कमी के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। कई जगहों पर बिना किसी चेतावनी बोर्ड के अचानक खोदे गए गड्ढों और क्रेन ऑपरेशन्स के दौरान लापरवाही से राहगीर चोटिल हो रहे हैं। देर रात विजिबिलिटी कम होने से ये निर्माण स्थल डार्क स्पॉट में तब्दील हो जाते हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालक सीधे इन हादसों का शिकार बन रहे हैं।



जैसे ही मानसून की शुरुआती फुहारें गिरती हैं, शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। सर्विस सड़कों पर कीचड़, गड्ढों और जलभराव के कारण वाहनों की रफ्तार थम जाती है। विशेष रूप से पीक ऑवर्स के दौरान प्रमुख चौराहों पर कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है। डाइवर्जन वाले रास्तों पर वाहनों का दबाव बढ़ने और सड़कों पर पानी जमा होने से एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी इस लंबे जाम में फंसने को मजबूर हैं, जिससे आम जनता को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। मंगलवार को पहली बार एक घंटे रुक रुककर बारिश हुई और आधा शहर रेंगने को मजबूर हो गया। पलासिया, विजय नगर, अरविंदो, एयरपोर्ट, देवास नाका में लंबा जाम लगा और वाहन चालक परेशान होते रहे। देवास नाका क्षेत्र में लंबे समय से फ्लायओवर और कांक्रीट की सर्विस रोड बनाने का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। वर्तमान में मांगलिया से देवास नाका आने वाली एकतरफा सड़क का निर्माण तो पूरा हो गया है, लेकिन मांगलिया की तरफ जाने वाले हिस्से में आज भी गहरे गड्ढे और धूल का साम्राज्य है। इसके अलावा, सत्यसाईं से निरंजनपुर आने वाले मार्ग पर पिछले महीने ही कांक्रीट सड़क शुरू करने का दावा किया गया था, जो जमीनी हकीकत में पूरी तरह झूठा साबित हो चुका है।

## 3 मंजिला मकान पर छापा, 144 बल्क लीटर शराब, हजारों फर्जी लेबल, होलोग्राम जब्त

# पॉश कॉलोनी में चल रही थी नकली शराब की फैक्ट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर के पॉश कॉलोनी तुलसी नगर क्षेत्र में आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। तीन दिनों तक गोपनीय निगरानी और रैकी के बाद विभाग ने एक तीन मंजिला भवन पर दबिश देकर वहां संचालित अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया। कार्रवाई में 144 बल्क लीटर शराब के साथ भारी मात्रा में नकली लेबल, होलोग्राम, पैकेजिंग सामग्री और शराब निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं।**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश और सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। आबकारी अधिकारियों की टीम ने विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद लगातार तीन दिनों तक सिविल ड्रेस में



क्षेत्र की निगरानी की और गतिविधियों की पुष्टि होने पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारा। दबिश के दौरान टीम को भवन के भीतर अवैध शराब निर्माण और पैकेजिंग का पूरा सेटअप मिला। यहां से 16 पेटियों में भरी 144 बल्क लीटर देशी शराब, स्प्रिट, कैरेमल, पैकिंग सामग्री, विभिन्न ब्रांडों के हजारों डुप्लीकेट लेबल और होलोग्राम, शराब की बोतलों के कैप, कार्टून और दो बड़ी ब्लेंडर मशीनें बरामद की गईं। अधिकारियों के अनुसार, जब्त सामग्री से स्पष्ट है कि यहां बड़े पैमाने पर शराब तैयार कर उसे नामी ब्रांडों के नाम से बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी। जांच के दौरान मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में बिकने वाली शराब के लेबलों के अलावा राजस्थान में प्रचलित कई ब्रांडों के लेबल, होलोग्राम और पैकेजिंग सामग्री भी बरामद हुई है। इससे प्रारंभिक जांच में अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित संगठित शराब तस्करी नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है। आबकारी विभाग अब इस नेटवर्क के निर्माण, वितरण और वित्तीय तंत्र की गहराई से जांच कर रहा है, ताकि पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जा सके। कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त शराब और अन्य सामग्री की वैज्ञानिक एवं तकनीकी जांच भी कराई जा रही है। विभाग अब यह भी जांच कर रहा है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा तैयार शराब की सप्लाई किन क्षेत्रों में की जा रही थी। सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन या बिक्री की जानकारी मिलने पर तत्काल आबकारी विभाग को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जनसहयोग बेहद आवश्यक है और प्राप्त प्रत्येक सूचना पर विभाग गंभीरता से कार्रवाई करेगा।

# बिहार की युवती को कोटा ले जाते युवक पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर क्षेत्र के युवक को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि उसने बिहार की एक युवती को इंदौर बुलाया और उसे जबरन अपने साथ राजस्थान ले जाने की कोशिश कर रहा था।**

विश्व हिंदू परिषद के नेता तन्नू शर्मा के अनुसार बुधवार रात तीन इमली चौराहे पर खड़ी एक वीडियो कोच बस में इरफान खान निवासी कनावास, जिला चूरू (राजस्थान) एक युवती के साथ संदिग्ध स्थिति में मिला। सूचना मिलने पर बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोनों को अलग कर पूछताछ की। पूछताछ में युवती ने बताया कि वह बिहार की रहने वाली है। उसकी इरफान से लंबे समय से मोबाइल पर बातचीत हो रही थी। इरफान ने उसे इंदौर बुलाया था। इसके बाद वह उसे चापड़ा भी लेकर गया और फिर वापस इंदौर लाकर कोटा ले जाने की तैयारी कर रहा था। युवती का आरोप है कि उसने कोटा जाने से मना किया था, लेकिन इरफान जबरदस्ती कर रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने इरफान को पकड़ लिया। इस दौरान उसके साथ मारपीट किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने इरफान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह आजाद नगर क्षेत्र में कहां ठहरा हुआ था। युवती के बयान भी दर्ज किए गए हैं। फिलहाल मामले में एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# इंदौर में होगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दिवाली बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मालवा प्रांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सालाना गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया है। शताब्दी वर्ष की शुरुआत संघ ने इंदौर से की थी और अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक नवंबर में इंदौर में होगी। इस बैठक को संघ की 'दिवाली बैठक' कहा जाता है। दिवाली बैठक में भाग लेने के लिए संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत सप्ताहभर के लिए इंदौर प्रवास पर रह सकते हैं। उनके अलावा संघ के लगभग डेढ़ सौ पदाधिकारी इसमें हिस्सा लेंगे। इसी वर्ष अक्टूबर में विजयदशमी के दिन संघ के शताब्दी समारोहों का समापन होगा। इंदौर की बैठक



में शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही संगठन के विस्तार और अनुषांगिक संगठनों के कामकाज की भी समीक्षा होगी। यह बैठक तीन दिन चलेगी, लेकिन इसके लिए डॉ. मोहन भागवत सप्ताहभर या उससे अधिक दिनों तक इंदौर में रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा करेंगे। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले की मौजूदगी में प्रदेश भाजपा के संगठन तथा सरकार के कामकाज की अनौपचारिक समीक्षा भी की जा सकती है।इसके अलावा, संघ का शीर्ष नेतृत्व 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा के विधानसभा चुनावों के संदर्भ में भाजपा नेताओं से चर्चा कर सकता है।मध्य प्रदेश में प्रांत व्यवस्था समाप्त कर संभागीय व्यवस्था लागू की गई है। इसकी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इसे देश के अन्य राज्यों में लागू करने पर भी चर्चा हो सकती है।

# अगस्त माह तक मिलेगी इंदौर चिड़ियाघर में 14-डी थिएटर की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में अगस्त माह तक दर्शकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा नया आकर्षण देखने को मिलेगा। चिड़ियाघर में तैयार किया जा रहा 14-डी थिएटर लगभग तैयार हो चुका है और अगस्त तक इसके शुरू होने की संभावना है। प्रबंधन के अनुसार फिलहाल तकनीकी परीक्षण और ट्रायल चल रहा है, ताकि शुरुआत के बाद दर्शकों को किसी तरह के व्यावधान का सामना न करना पड़े।**

यह देश का पहला ऐसा चिड़ियाघर होगा जहां 14-डी थिएटर की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रोजेक्ट पर पिछले वर्ष मार्च में पीपीपी मॉडल आधार पर काम शुरू किया गया था। जिस स्थान पर थिएटर विकसित किया गया है, वह जमीन लंबे समय से खाली पड़ी थी, जिसे अब आधुनिक मनोरंजन के रूप में विकसित किया गया है। 14-डी थिएटर



में दर्शकों को केवल फिल्म देखने का अनुभव नहीं मिलेगा, बल्कि वे दृश्यों को महसूस भी कर सकेंगे। यदि स्क्रीन पर बादलों की गर्जना दिखाई जाएगी तो उसकी आवाज और कंपन का अनुभव होगा। बारिश के दृश्य के दौरान पानी की हल्की फुहारें महसूस होंगी, जबकि तेज हवा वाले दृश्यों में हवा का प्रभाव भी दर्शकों तक पहुंचेगा। पहाड़ों से नीचे उतरने या तेज गति से आगे बढ़ने जैसे दृश्यों में सीटें भी उसी अनुरूप हिलेंगी, जिससे वास्तविकता जैसा रोमांच पैदा होगा। प्रबंधन के मुताबिक थिएटर में कुल 14 विशेष इफेक्ट्स एक साथ काम करेंगे। इनमें ध्वनि, कंपन, गति, हवा, पानी महसूस कराने की तकनीकें शामिल हैं, जो दर्शकों को आभासी दुनिया का जीवंत अनुभव देंगी। चिड़ियाघर में केवल 14-डी थिएटर ही नहीं, बल्कि कई अन्य नई सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। इनमें होलोग्राम जू प्रमुख आकर्षण होगा, जहां दर्शकों को हवा में जीव-जंतुओं की थ्रीडी आकृतियां दिखाई देंगी। इससे ऐसा महसूस होगा मानो जानवर उनके सामने मौजूद हों। इसके अलावा जंगल सफारी, आकर्षक वॉटरफॉल, आधुनिक कैफेटेरिया और भूलभुलैया जैसी सुविधाओं पर भी काम किया जा रहा है।

# साइबर अपराधों से बचाने के लिए पुलिस ने शुरू किया अभियान

## 15 दिन तक चलेंगे जन संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन में साइबर सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशेष मुहिम की शुरुआत की गई है। पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक 2026 साइबर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि साइबर सुरक्षा और जागरूकता को समर्पित यह विशेष अभियान 24 जून से प्रारंभ होकर आगामी 8 जुलाई 2026 तक निरंतर संचालित किया जाएगा।**




पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के साइबर जागरूकता संदेशों से युक्त आकर्षक पोस्टर, बैनर व पेम्प्लेट्स का विमोचन कर अभियान की गतिविधियों को गति दी गई। इन प्रचार सामग्रियों के माध्यम से आम जनता को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के व्यावहारिक तरीके सिखाए जाएंगे। इस खास अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आम जनता के सामने आ रहे हैं। इन तकनीकी अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी और सुलभ माध्यम केवल और केवल जागरूकता ही है। उन्होंने सभी नागरिकों से पुरजोर अपील की कि वे स्वयं साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के सभी लोगों को भी इसके प्रति सचेत और जागरूक करें। पुलिस कमिश्नर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नित नए और शातिर तरीकों से बचाव के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग तक सही जानकारी पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आगामी पंद्रह दिनों तक इंदौर शहर में व्यापक स्तर पर विभिन्न प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि कोई भी नागरिक इनका शिकार न बने। अभियान के अंतर्गत इंदौर पुलिस विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य जिम्मेदार विभागों के सामूहिक सहयोग से कई तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें प्रमुख रूप से नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद कार्यक्रम, रचनात्मक प्रतियोगिताएं, वीडियो स्क्रीनिंग, शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन, मैराथन दौड़, पोस्टर-बैनर एवं पम्पलेट वितरण शामिल हैं। इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं सोशल मीडिया पर सघन प्रचार-प्रसार सहित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज के सभी वर्गों के अधिक से अधिक नागरिकों को साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव संबंधी पुख्ता जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।

# शादी का झांसा देकर क्लासमेट ने किया रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया पुलिस ने रेप के एक मामले में FIR दर्ज की है। आरोपी ने दोस्ती के बाद पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा की शिकायत पर मोहित धाकड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।**

छात्रा ने बताया कि आरोपी उसके साथ पढ़ता था। पिछले दो वर्षों से दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। एक साल पहले मोहित ने उसे प्रपोज किया और कहा था कि वह उससे शादी करना चाहता है। 22 जून को मोहित ने पीड़िता को बुलाया और उसे केलोद हाला ले गया। वहां उसने कहा कि वे जल्द ही शादी करने वाले हैं। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। यह बात पीड़िता ने अपने परिवार को भी बताई। इसके बाद पीड़िता की मां ने मोहित से बात की तो वह पीड़िता के चरित्र पर आरोप लगाने लगा। बाद में उसने शादी करने से भी इंकार कर दिया। पीड़िता ने बुधवार को मामले में एफआईआर दर्ज कराई। इधर, एक अन्य मामले में भंवरकुआ पुलिस ने भी 21 वर्षीय युवती की शिकायत पर धारासिंह राजपूत के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2024 में उसकी पहचान ट्रेन में धारासिंह से हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर लिए और बातचीत शुरू हो गई। अक्टूबर 2024 में आरोपी उसे भंवरकुआ स्थित एक होटल में ले गया। वहां शादी का झांसा देकर उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित एक स्थान पर भी कई बार पीड़िता से संबंध बनाए। बाद में उसने शादी से इंकार कर दिया और धमकी दी कि यदि वह शादी का दबाव बनाएगी तो उसके फोटो और वीडियो वायरल कर देगा।

# लग रहा ट्रैफिक जाम, बारिश में बह गए प्रशासन के दावे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। गुरुवार को भी झमाझम बारिश हुई। लगातार चौथे दिन इंदौर में मानसून ने मेहरबानी की और गर्मी उमस से लोगों को राहत मिली। हालांकि शुरुआती तेज बारिश ने ही शहर के करोड़ों रुपए के विकास कार्यों, ड्रेनेज व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी। पिछले चार दिन से कई प्रमुख चौराहों पर जलभराव और घंटों ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। लोग घंटों जाम में फंसे हैं और पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी सड़कों से नदारद हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस बार मध्य प्रदेश में मानसून ने अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों शाखाओं के जरिए एक साथ प्रवेश किया है। ऐसा संयोग करीब बीस साल बाद देखने को मिला है। हालांकि मानसून सामान्य तिथि 18 जून की तुलना में 6 दिन की देरी से प्रदेश में पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ला के मुताबिक जबलपुर और मंडला



क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से बना सिस्टम सक्रिय है, जबकि मालवा क्षेत्र में अरब सागर का प्रभाव बना हुआ है। दोनों सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेशभर में अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। गुरुवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर से बारिश का दौर का शुरू हुआ और रात तक चलता रहा। इस दौरान इंदौर के कई क्षेत्रों में रुक रुककर बारिश होती रही। मानसून की शुरुआती तेज बारिश में शहर के कई प्रमुख चौराहों पर लगातार जाम लग रहा है। रोबोट चौराहा, बंगाली चौराहा, निपानिया, देवास नाका, रेडिसन, विजय नगर समेत बीस से अधिक प्रमुख स्थानों पर घंटों ट्रैफिक जाम लग रहा है। कई क्षेत्रों में दो से तीन फीट तक पानी भर रहा है। सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगी हैं और वाहन चालक लंबे समय तक जाम में फंसे रहते हैं। शहर में जलभराव रोकने के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन, सीवरेज नेटवर्क और ड्रेनेज सुधार के कई काम चल रहे हैं। इसके बावजूद हर साल की तरह इस बार भी बारिश में हालात बिगड़ गए हैं। जहां-जहां सड़कों की खुदाई चल रही थी, वहां की स्थिति सबसे खराब रही है। कई जगह कीचड़ फैल गया है और लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। रिंग रोड पर बंगाली चौराहा से खजराना और खजराना से रोबोट चौराहा तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। सर्विस रोड पूरी तरह वाहनों से भर रही है और कई जगह वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आते हैं। खजराना चौराहे पर करीब दो फीट तक पानी भर रहा है। मेट्रो, फ्लाईओवर, ब्रिज, पानी और ड्रेनेज लाइन प्रोजेक्ट के कारण शहर के कई हिस्सों में सड़कें पहले से खुदी हुई हैं। बारिश ने इन इलाकों की परेशानी और बढ़ा दी।

# नशे में कार दौड़ाई, कॉलोनी में वाहनों को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र की पाश्वनाथ कॉलोनी में गुरुवार अलसुबह एक युवक ने नशे की हालत में कार चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। रहवासियों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।**




पुलिस के अनुसार घटना सुबह करीब 5 बजे की है। ओरा कार क्रमांक MP09BF8066 से आए एक युवक ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घरों के बाहर खड़े दोपहिया वाहन भी गिर गए। रहवासियों ने बताया कि अचानक तेज धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं। आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले तो देखा कि एक कार कई वाहनों को टक्कर मार चुकी है। इस दौरान कॉलोनी में हड़कंप मच गया। हादसे में कार क्रमांक MP09WD0299 और MP09ZQ5603 को काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा अन्य वाहनों को भी क्षति पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चला रहा युवक करीब 20 वर्ष का था और वह नशे में दिखाई दे रहा था। हादसे के बाद रहवासियों ने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और युवक को अपने साथ थाने ले गई। फिलहाल मामले में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और वाहन क्षति के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पावर स्टेशन में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सांवेर क्षेत्र के धरमपुरी के समीप स्थित जैतपुरा पहाड़ी पर बने 220 केवी बिजली पावर स्टेशन में बुधवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते ट्रांसफार्मर से उठीं लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। बुधवार रात रिमझिम बारिश थमने के कुछ देर बाद पावर स्टेशन के एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। शुरुआती दौर में मौजूद ग्रिड कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई और कुछ ही देर में ऊंची-ऊंची लपटें तथा धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। स्थिति गंभीर होते देख अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आठ से अधिक दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया गया। देर रात तक दमकलकर्मी और बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार आग बुझाने में जुटे रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा

# शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों पर जानकारी देना आवश्यक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन के आवागमन के लिए सभी शासकीय भवनों को बाधारहित बनाना आवश्यक है। बच्चों में दिव्यांगता के बारे में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आवश्यक सामग्री शामिल की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशामुक्ति के लिए चलायें जा रहे अभियान के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणामों से किशोरों और युवाओं को समय रहते परिचित कराना जरूरी है। नशे के विरूद्ध वातावरण बनाने के उद्देश से स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरुद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिव्यांगजन को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने और उनकी क्षमता अनुसार कौशल उन्नयन की गतिविधियां



भी संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। मंत्रालय में गुरूवार को हुई बैठक में विभाग के मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन के लिए की गई है 168 स्मार्ट क्लास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्म दिवस, विवाह वर्षगांठ जैसे शुभ अवसरों और परिजन की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन कराने की परंपरा भारतीय संस्कृति में रही है। उन्होंने ऐसी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक पहल को, प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर निराश्रितों को भोजन कराने के लिए निश्चित व्यवस्था के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान वर्ष 2025 अंतर्गत प्रदेश में 6 करोड़ 52 लाख रुपए के कृत्रिम अंग एवं सहायक यंत्र दिव्यांगजन को उपलब्ध कराये गये। प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजन के लिए 168 स्मार्ट क्लास तैयार की गई हैं। नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत 12 हजार वालेंटियर्स बनाये गये हैं, जो नशे के दुष्परिणामों से जन सामान्य को अवगत करा रहे हैं। दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार उपलबध कराने के लिए भारत सरकार से प्राप्त पुरस्कार संस्थानों से एमओयू किया गया है। इन संस्थाओं द्वारा 12 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वृद्धजनों की देखभाल के लिए 54 प्रतिभागियों को केयर-गिवर का प्रशिक्षण दिलवाया गया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, श्री संजय शुक्ला, श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## आपदा में बचाव पर ब्रेल लिपि में प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निःशक्तजन के लिए आग, हीटवेव (लू) और आकाशीय बिजली से बचाव के संबंध में ब्रेललिपि में प्रकाशित पुस्तक का गुरूवार को मंत्रालय में लोकार्पण किया। पुस्तक का मुद्रण आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से कराया गया है। केरल और असम के बाद निःशक्तजन के लिए आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में इस तरह की पहल मध्यप्रदेश द्वारा की गई है। दृष्टिबाधित भाई-बहनों के लिए यह पुस्तक अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर उपस्थित थी।

# विधायक निर्मला सप्रे मामले में कांग्रेस को बड़ा झटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। सागर जिले की बीना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे की सदस्यता रद्द कराने की कोशिशों में जुटी कांग्रेस को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा दायर की गई याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।**

दरअसल, साल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 5 मई 2024 को सागर के राहतगढ़ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंच पर बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे अचानक पहुंच गई थीं। वहां उन्होंने भाजपा का दामन थामने का ऐलान किया था।

इसके बाद विधानसभा में



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 30 जून 2024 को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष दल-बदल कानून (Anti-Defection Law) के तहत निर्मला सप्रे की सदस्यता समाप्त करने के लिए आवेदन दिया था। कांग्रेस का आरोप था कि निर्धारित 90 दिनों के भीतर स्पीकर द्वारा कोई ठोस कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई, जिसके चलते उन्हें न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। याचिका में मांग की गई थी कि निर्मला सप्रे को निर्वाचन तत्काल शून्य घोषित किया जाए। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बीना विधायक निर्मला सप्रे की तरफ से पेश किए गए जवाब ने सबको चौंका दिया। दल-बदल के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए निर्मला सप्रे के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया कि, निर्मला सप्रे ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा जरूर दिया है, लेकिन वह आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल नहीं हुई हैं। उन्हें बिना किसी ठोस वजह के विधानसभा स्पीकर के सामने चल रही कार्यवाही और इस याचिका में घसीटा जा रहा है।

हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने साफ कहा है कि इस मामले में फिलहाल कोर्ट की तरफ से कोई भी आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) खुद इस मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच कर रहे हैं।

सीएस की बैठक में सामाजिक न्याय की पेंशन का मुद्दा-आया:पीएस से बोले मुख्य सचिव -

# आपकी सैलरी 3 महीने न मिले तो कैसा लगेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सामाजिक न्याय से जुड़ी पेंशन (600 से 1000 रुपए) कुछ महीनों से मप्र में नहीं बंट रही है। मुख्य सचिव अनुराग जैन की रिव्यू मीटिंग में जब यह मसला आया तो सामाजिक न्याय विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने कहा- कुछ दिक्कत है, इसलिए तीन माह से पेंशन नहीं बंटी।

इस पर मुख्य सचिव ने कहा, आपको दो-तीन माह की सैलरी न मिले तो आपको कैसा लगेगा। यह ठीक नहीं है। जो भी दिक्कत है दूर करें। पेंशन बंटनी चाहिए।

अधिकारियों ने बताया कि पेंशन में केंद्र और राज्य दोनों का हिस्सा होता है। केंद्र से



मिलने वाला पैसा अभी नहीं आया है, इसीलिए पेंशन नहीं बंटी। बहरहाल, मुख्य सचिव ने कहा, केंद्र सरकार से बात करनी है तो करें और पैसा लाएं।

मुख्य सचिव जैन ने बुधवार को मंत्रालय में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों के साथ रिव्यू मीटिंग की। इसमें 12 एजेंडे पर बात हुई। खास तौर पर विधानसभा के मानसून सत्र से पहले प्रश्नों के पूर्ण उत्तर बन जाएं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का सही तरीके से निपटारा हो। लोकसेवा गांरटी योजना के काम टाइम पर हों।

साल भर का एजेंडा मांगा सीएस ने सभी अधिकारियों से वार्षिक कार्य-योजना भी शीघ्र देने के लिए कहा है। इससे परफॉर्मेंस एनालिसिस हो सकेगा। सीएस ने कहा कि मॉनिटरिंग सख्त हो और निचले स्तर के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जाए।

एचओडी के ऑफिस तक कोई भी प्रकरण नहीं आना चाहिए। कैबिनेट से जो भी चीजें मंजूर हो रही हैं, उसका 100 फीसदी आदेश भी निकाला जाए। वर्ष 1947 से पूर्व के कानूनों में पुनःसंशोधन अथवा खत्म किए जाने की कार्यवाही हो। बैठक में गृह विभाग के साइबर धोखाधड़ी, पाक्सो एक्ट के प्रकरणों, की रोकथाम पर भी बात हुई।

## CBSE टॉपर प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में NSUI के 'छात्रों की गूंज' अभियान के प्रेस कॉन्फ्रेंस में CBSC से 12वीं का छात्र रो पड़ा। छात्र ने बताया- 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। मैंने टॉप किया था। हमेशा पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन 13 मई को घोषित हुए CBSE परीक्षा परिणाम ने उन्हें गहरा झटका दिया।




पन्ना जिले के छात्र लक्ष्य मिश्रा ने बताया- CBSC के अधिकारियों ने मूल्यांकन में गड़बड़ी की। मेरा भविष्य बर्बाद कर दिया। लक्ष्य ने अपनी हिंदी विषय की उत्तर पुस्तिका दिखाए। मूल्यांकन के दौरान कई गलतियां दिखाई। मार्किंग स्कीम के हिसाब से 17 अंक और मिलने चाहिए थे। लक्ष्य ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के सामने अपनी पीड़ा साझा की। बताया रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) के बहुविकल्पीय प्रश्न क्रमांक 6 के 'बी' भाग में सही उत्तर देने के बावजूद उन्हें अंक नहीं दिए गए। पूरा उत्तर लिखने के बावजूद परीक्षक ने मूल्यांकन नहीं किया। अपनी बातें रखते हुए लक्ष्य भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े।

## संपादकीय

# पासपोर्ट, नागरिकता और पहचान का नया संकट

विदेश मंत्रालय के उस स्पष्टीकरण को लेकर देश में राजनीतिक बहस तेज हो गई है, जिसमें कहा गया कि पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है और इसे नागरिकता का अंतिम या निर्णायक प्रमाण नहीं माना जा सकता। इस बयान के बाद विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला, जबकि सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि दशकों से चली आ रही कानूनी स्थिति है। हाल ही में विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम बनाना है। मंत्रालय के अनुसार, किसी व्यक्ति की नागरिकता का निर्धारण नागरिकता कानूनों और संबंधित नियमों के तहत होता है, जबकि पासपोर्ट एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है। इस स्पष्टीकरण के बाद विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाना शुरू कर दिया कि अगर पासपोर्ट भी नागरिकता का प्रमाण नहीं है, तो आम नागरिक अपनी भारतीय नागरिकता कैसे साबित करेगा। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि यदि आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और पासपोर्ट को भी नागरिकता का पर्याप्त प्रमाण नहीं माना जा रहा है, तो आखिर नागरिक किस दस्तावेज को अपनी राष्ट्रीयता का सबूत मानें। उन्होंने सवाल किया कि पासपोर्ट जारी करने से पहले पुलिस सत्यापन क्यों किया जाता है और क्या भारत सरकार गैर-भारतीयों को भी पासपोर्ट जारी करती है। इसी तरह आदित्य ठाकरे ने कहा कि यदि विदेश मंत्रालय की नजर में पासपोर्ट नागरिकता का दस्तावेज नहीं है तो पासपोर्ट जारी करने से पहले होने वाली जांच का उद्देश्य क्या है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है तो फिर कौन-सा दस्तावेज नागरिकता साबित करेगा। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसी स्थिति में नागरिकों के अधिकारों पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रसिद्ध लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि पासपोर्ट केवल यात्रा दस्तावेज है तो क्या सरकार बिना पूरी तरह संतुष्ट हुए कि व्यक्ति भारतीय नागरिक है, उसे पासपोर्ट जारी कर देती है। विपक्ष के आरोपों के बीच सरकार के सूत्रों ने साफ किया है कि पासपोर्ट को नागरिकता का अंतिम प्रमाण न मानने की कानूनी स्थिति कोई नई नहीं है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह फैसला न तो कल लिया गया और न ही पिछले 12 वर्षों में। सरकार का कहना है कि पासपोर्ट कभी भी भारतीय नागरिकता का अंतिम और निर्णायक प्रमाण नहीं रहा है। सरकार के सूत्रों ने यह भी कहा कि पासपोर्ट एक्ट 1967 में ऐसे प्रावधान मौजूद हैं, जिनके तहत कुछ विशेष परिस्थितियों में गैर-नागरिकों को भी यात्रा संबंधी दस्तावेज जारी किए जा सकते हैं। इसके अलावा सरकार के सूत्रों ने 2013 में बॉम्बे के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अदालत भी स्पष्ट कर चुकी है कि पासपोर्ट अपने आप में नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

## महिला जगत

# सुबह उठते ही चाहिए ग्लोइंग त्वचा?

## 15 मिनट में निखार देंगे ये आसान फेस पैक

हर कोई चाहता है कि उसकी त्वचा साफ, चमकदार और फ्रेश दिखे। लेकिन कई बार सुबह उठते ही चेहरा बेजान, रूखा, ऑयली या फफी नजर आने लगता है। ऐसे में अगर आपको ऑफिस, किसी खास कार्यक्रम या दोस्तों से मिलने जाना हो तो चेहरे की डलनेस आत्मविश्वास को भी प्रभावित कर सकती है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान घरेलू फेस पैक आपकी त्वचा को मिनटों में ताजगी और प्राकृतिक चमक देने में मदद कर सकते हैं।



### शहद और हल्दी का फेस पैक

शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है, जबकि हल्दी त्वचा की रंगत निखारने में मदद करती है।

#### ऐसे बनाएं

2 चम्मच शहद
आधा चम्मच हल्दी
दोनों चीजों को अच्छी तरह मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद सादे पानी से चेहरा धो लें। इससे त्वचा में प्राकृतिक चमक नजर आने लगती है।

### दूध और हल्दी का फेस पैक

दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है, वहीं हल्दी त्वचा को निखार देती है।

#### कैसे इस्तेमाल करें

4 से 5 चम्मच दूध
एक चुटकी हल्दी
दोनों को मिलाकर कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। 2-3 मिनट हल्के हाथों से मसाज करें और 10 मिनट बाद चेहरा धो लें।

### दही और बेसन का फेस पैक

अगर टैनिंग या धूप के कारण त्वचा मुरझाई हुई लग रही है तो यह फेस पैक फायदेमंद हो सकता है।

#### कैसे बनाएं?

2 चम्मच बेसन, जरूरत अनुसार दही
पेस्ट तैयार करके चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। इससे त्वचा साफ और फ्रेश नजर आती है।

### खीरे का रस और गुलाबजल

खीरा त्वचा को ठंडक देता है और गुलाबजल त्वचा को तरोताजा महसूस कराता है।

#### कैसे इस्तेमाल करें?

खीरे का रस और गुलाबजल बराबर मात्रा में मिलाएं। कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। यह मिश्रण त्वचा को तुरंत फ्रेशनेस और नैचुरल ग्लो देने में मदद करता है।

### दूध और बेसन का फेस पैक

दूध और बेसन का कॉम्बिनेशन लंबे समय से घरेलू स्किन केयर में इस्तेमाल किया जाता रहा है।

#### कैसे बनाएं?

2 चम्मच बेसन, जरूरत अनुसार दूध
पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। इससे त्वचा मुलायम और साफ महसूस होती है।

### फेस पैक लगाने से पहले रखें ये जरूरी सावधानी

किसी भी घरेलू नुस्खे या फेस पैक को पूरे चेहरे पर लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। यदि त्वचा पर जलन, खुजली, लालिमा या किसी तरह की असहजता महसूस हो तो उसका इस्तेमाल न करें। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**नोटः** ये घरेलू उपाय त्वचा की सामान्य देखभाल के लिए हैं। यदि आपको किसी प्रकार की त्वचा संबंधी समस्या या एलर्जी है, तो त्वचा विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर होगा।

## ओपन पोर्स को कहें अलविदा!

# चावल और लौंग का यह टोनर देगा Glowing Skin

चेहरे पर बड़े-बड़े पोर्स यानी खुले रोमछिद्र कई लोगों के लिए परेशानी की वजह बन जाते हैं। इससे त्वचा असमान दिखने लगती है और मेकअप भी लंबे समय तक टिक नहीं पाता। कई बार लोग इन्हें छिपाने के लिए महंगे प्रोडक्ट्स या ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन कुछ आसान घरेलू उपाय भी त्वचा की देखभाल में मददगार साबित हो सकते हैं। ऐसा ही एक उपाय है चावल और लौंग से बना होममेड टोनर, जिसे लोग त्वचा में कसाव लाने और पोर्स की देखभाल के लिए इस्तेमाल करते हैं।

त्वचा पर ओपन पोर्स बनने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। जब त्वचा जरूरत से ज्यादा तेल यानी सीबम बनाने लगती है, तो धूल, गंदगी और डेड स्किन के साथ मिलकर रोमछिद्रों को बड़ा दिखाने लगती है। इसके अलावा बढ़ती उम्र के साथ त्वचा में कोलेजन कम होने लगता है, जिससे स्किन का कसाव घट जाता है। धूप का अधिक संपर्क और आनुवंशिक कारण भी खुले पोर्स की समस्या को बढ़ा सकते हैं।

**चावल और लौंग का टोनर क्यों माना जाता है फायदेमंद-** चावल के पानी में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा को शांत रखने और उसकी बनावट बेहतर करने में मदद कर सकते हैं। वहीं लौंग में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की सफाई और देखभाल



में सहायक माने जाते हैं। हालांकि, हर व्यक्ति की त्वचा अलग होती है, इसलिए किसी भी घरेलू नुस्खे को अपनाने से पहले पैच टेस्ट करना जरूरी है।

**घर पर ऐसे बनाएं चावल और लौंग का टोनर-** इस टोनर को तैयार करना बेहद आसान है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।

**सामग्री :** 2 चम्मच चावल, 7–8 लौंग, 1 कप पानी

**बनाने की विधि :** सबसे पहले चावल को साफ पानी से धो लें, ताकि उसमें मौजूद धूल या गंदगी निकल जाए। एक पैन में एक कप पानी डालें और उसमें चावल व लौंग मिला दें।मध्यम आंच पर इसे 5–7 मिनट तक उबालें। जब पानी आधा रह जाए और उसका रंग हल्का दूधिया या पीला दिखने लगे, तो गैस बंद कर दें। मिश्रण को पूरी तरह ठंडा होने दें और फिर छानकर एक साफ स्प्रे बोतल में भर लें।

**कितने दिनों तक कर सकते हैं इस्तेमाल :** इस टोनर को फ्रिज में रखकर लगभग 5–6 दिनों तक इस्तेमाल किया जा सकता है। ठंडा टोनर लगाने से त्वचा को ताजगी महसूस हो सकती है और चेहरे पर सुकून भी मिलता है।

**चेहरे पर कैसे लगाएं :** बेहतर परिणाम के लिए सबसे पहले चेहरे को किसी माइल्ड फेस वॉश से साफ कर लें। इसके बाद टोनर को चेहरे पर स्प्रे करें। यदि स्प्रे बोतल न हो तो रुई की मदद से भी इसे लगाया जा सकता है। इसे त्वचा पर प्राकृतिक रूप से सूखने दें और फिर मॉइस्चराइजर या एलोवेरा जेल लगा लें। दिन में एक या दो बार इसका उपयोग किया जा सकता है, लेकिन यदि त्वचा में जलन या एलर्जी महसूस हो तो इस्तेमाल तुरंत बंद कर दें।

**क्या सच में दिख सकता है असर :** नियमित स्किन केयर, पर्याप्त पानी पीना और संतुलित आहार त्वचा को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। घरेलू टोनर कुछ लोगों की त्वचा पर लाभकारी प्रभाव दिखा सकते हैं, लेकिन परिणाम व्यक्ति की स्किन टाइप पर निर्भर करते हैं। अगर आपके पोर्स बहुत ज्यादा बड़े हैं या त्वचा से जुड़ी कोई गंभीर समस्या है तो त्वचा विशेषज्ञ की सलाह लेना सबसे बेहतर विकल्प हो सकता है।

## Uttarpradesh

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी में नामजद आरोपियों में सेवादार और कर्मचारी शामिल, 8 पर हुई FIR

**अयोध्या, (एजेंसी)** राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में दर्ज एफआईआर में शामिल आठ नामजद आरोपी मंदिर में सेवादार/कर्मचारी बताए जा रहे है। यह सभी चढ़ावा की हेराफेरी में शमिल थे। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद से ही इनकी भूमिका को लोग संदिग्ध बता रहे थे। जिन पर कार्रवाई करने की मांग भी उठ ही थी। इनमें से कई पर मंदिर में काम करने वाले पूर्व कर्मचारियों ने भी आरोप लगाए थे। मामले में इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद इनको लेकर पूर्व में चल रही चर्चाओं को बल मिला है। अब लोगो को जांच में इनकी भूमिका, आरोपों को लेकर पूरी सच्चाई व इनके अपराध करने के तरीके के सामने आने का इंतजार है।

**अविनाश शुक्ला :** अभी तक हुई चर्चाओं में राममंदिर में सेवादार के रुप में इसके काम करने का दावा किया जा रहा है। इस दौरान चढ़ावे की रकम चुराने का इसके उपर आरोप है। इस सिंडिकेट में यह शामिल बताया जा रहा है।

**करुणेश पांडेय :** मंदिर के बैंक खाते व मैनुअल रसीद के मिलान जालसाजी करने में इसके शामिल होने का आरोप अभी तक रामनगरी में हुई चर्चाओं में लोग लगा रहे है। इसके साथ में नगदी को छुपाने में मद् का भी आरोप है।

**मनीष यादव :** इसके उपर दानपात्रों से नगद व आभूषणों की चोरी में आरोपियों का साथ देने का आरोप लग रहा है। संदिग्ध जगहों पर इसकी उपस्थिति को लेकर चर्चाएं हो रही है।

**लवकुश मिश्र :** दान में आयी नगदी में गबन की धनराशि को ठिकाने लगाने का आरोप इससे पहले इसके उपर लगा था। इसके घर से लाखों रुपये की रिकवरी करने की बात भी सामने आई थी।

**रमा शंकर मिश्र :** सेवादारों व कर्मचारियों के साथ में मिलकर चढ़ावा गबन के आपराधिक साजिश रचने में शामिल होने का आरोप इसके उपर है। गबन की राशि को ट्रस्ट की नजरों से बचाने में इसके भी शामिल रहने का दावा है।

**सुभाष श्रीवास्तव :** यह गणना इंचार्च थे। एक बैंक से रिटायर हैं। मंदिर परिसर में काउंटिंग और फंड ट्रांसफर के दौरान अनियमितताओं को बढ़ावा देने का आरोप इनके उपर है। चोरी के माल को संरक्षण देने और हेरफेर को छिपाने का आरोप भी इनके उपर लगा है।

**अनुकल्प मिश्र :** अनुकल्प मिश्र के ऊपर चढ़ावे के पैसों की गिनती के दौरान हेराफेरी का आरोप था। दावा किया जा रहा था कि मंदिर में काम करने के दौरान उसकी आय से अधिक सम्पत्ति हो गई। इसके साथ ही महंगे वाहन खरीदने की भी बात सामने आई थी।

**रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू :** रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू के ऊपर पूरे मामले का सूत्रधार होने का आरोप पहले लग से रहा था। दान पेटियों की चाभी अनाधिकृत रुप से इसे अपने पास रखने का दावा किया जाता रहा है। बताया यह भी जा रहा है कि टिन्नू अपने पास वॉकी टॉकी भी रखता था।

## Uttarakhand

### निहंगों की एंट्री से देहरादून में तनाव

# सीमाओं पर निगहबानी के बीच शहर में घुसा जत्था, पुलिस-इंटेलिजेंस की चूक



**देहरादून, (एजेंसी)** कर्णप्रयाग और रुद्रप्रयाग की घटनाओं के बाद निहंगों के उत्तराखंड कूच की सूचना पर देहरादून पुलिस ने हिमाचल सीमा से लगे कुल्हाल में कड़ी निगरानी और बैरिकेडिंग की थी। प्रेमनगर क्षेत्र में भी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बावजूद निहंगों का एक जत्था शहर के भीतर पहुंच गया और पटेलनगर थाना क्षेत्र तक आ गया। यहां पुलिस ने उन्हें रोककर वापस भेजा।

इस घटनाक्रम ने पुलिस की घेराबंदी, खुफिया तंत्र और आपसी समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।जानकारी के अनुसार, निहंग सिक्खों ने उत्तराखंड की ओर कूच का आह्वान किया था। इसके बाद देहरादून जिले में विशेष सतर्कता बरती गई। कुल्हाल सीमा पर वाहनों की जांच, बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रेमनगर क्षेत्र में भी निहंगों के संभावित प्रवेश को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का दावा किया गया।

पुलिस-प्रशासन का फोकस मुख्य रूप से सीमावर्ती मार्गो पर रहा। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के बीच निहंग शहर तक कैसे पहुंच गए, यह बड़ा सवाल बन गया है। सूत्रों के अनुसार, जत्था वैकल्पिक मार्गो से होते हुए देहरादून में दाखिल हुआ और पटेलनगर थाना क्षेत्र तक पहुंच गया। पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई। बातचीत और समझाइश के बाद उन्हें शहर से वापस भेजा गया।

## New Delhi

# कौन हैं भारत के नए IB चीफ महेश दीक्षित, आर्टिकल 370 हटने के बाद JK में था तगड़ा रोल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत को नए सुरक्षा एक्सपर्ट मिलने जा रहे हैं। खबर है कि भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के वरिष्ठ अधिकारी महेश दीक्षित IB के नए प्रमुख होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आईबी प्रमुख के रूप में दीक्षित की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह आंध्र प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी दीक्षित आईबी निदेशक के रूप में तपन कुमार डेका की जगह लेंगे। माना जाता है कि वह खुफिया नेटवर्क के मामले में एक्सपर्ट हैं और आतंकवाद के खिलाफ कई मिशन में अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं।

सूत्रों ने भाषा को बताया कि दीक्षित फिलहाल आईबी में विशेष निदेशक के तौर पर काम कर रहे हैं और उनके



पास जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक राज्य खुफिया ब्यूरो के प्रमुख के तौर पर काम करने का अनुभव है। एक पेशेवर चिकित्सक से कानून-प्रवर्तन अधिकारी बने दीक्षित के पास देश की प्रमुख आंतरिक खुफिया एजेंसी में लगभग तीन दशक का व्यापक अनुभव है। उन्होंने पूर्वोत्तर और लद्दाख में अभियानों से लेकर नक्सल विरोधी प्रकोष्ठों तक अलग-अलग तरह की संवेदनशील जिम्मेदारियां संभाली हैं। दीक्षित आईबी में मजबूत जमीनी खुफिया नेटवर्क और आतंकवाद-रोधी मामलों में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। वह श्रीनगर में सहायक आसूचना ब्यूरो के प्रमुख थे और अधिकारियों के अनुसार अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के बाद वहां आंतरिक स्थिरता बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पिछले वर्ष दीक्षित ने एक बड़े 'सफेदपोश' आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने श्रीनगर पुलिस की ओर से उपलब्ध कराई गई शुरुआती जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया था।

## खेल

# शेफाली के अर्धशतक से जीता भारत, सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार, श्री चरणी ने रचा इतिहास






**मैनचेस्टर।** भारत ने महिला टी20 विश्व कप 2026 में अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवित रखते हुए गुरुवार को ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया। शैफाली वर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने 137 रन के लक्ष्य को 16.5 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को 20 ओवर में 136/8 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि भारतीय टीम की फील्डिंग एक बार फिर सवालों के घेरे में रही और खिलाड़ियों ने चार कैच छोड़े, लेकिन गेंदबाजों ने विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत धीमी रही। रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरुआती झटका देते हुए दिलारा अख्तर को सिर्फ चार रन पर आउट कर दिया। इसके बाद जुआइरिया फर्दौस और सोभाना मोस्टारी ने पारी को संभालने की कोशिश की। जुआइरिया ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों पर 33 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल रहे। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े।

निगार सुल्ताना ने कप्तानी पारी खेलते हुए 24 गेंदों पर 32 रन बनाए। उन्होंने 14वें ओवर में नंदिनी शर्मा पर चार चौके जड़कर रन गति बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन 17वें ओवर की पहली गेंद पर स्टंप आउट होकर पवेलियन लौट गईं। उनके आउट होने के बाद बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा गई और टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। भारत की ओर से वापसी कर रही बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके। श्री चरणी ने भी दो विकेट लिए, जबकि रेणुका सिंह ठाकुर और नंदिनी शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

137 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने केवल 34 गेंदों में 53 रन की शानदार पारी खेली और बांग्लादेशी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। शेफाली के अर्धशतक ने भारत की जीत की नींव रखी, जिसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य तक पहुंचने में कोई बड़ी परेशानी नहीं होने दी। भारत ने 16.5 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश की ओर से रितु मोनी सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

मैच के दौरान भारतीय युवा स्पिनर श्री चरणी ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। 21 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर महिला टी20 विश्व कप के एक संस्करण में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। चरणी ने बांग्लादेश की पारी के अंतिम ओवर में शोरना अख्तर का विकेट लेकर टूर्नामेंट में अपना 11वां विकेट हासिल किया और पूनम यादव का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## सिनेमा

# 22 साल में सिर्फ 2 हिट फिल्में, फिर भी मिला बड़ा काम... 'वेलकम टू द जंगल' बचा पाएंगे डायरेक्टर अहमद खान?



अक्षय कुमार के 'स्टार्स की भीड़ और ढेर सारा कन्फ्यूजन' स्टाइल वाली नई कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल थिएटर्स में पहुंचने के लिए तैयार है. 2000s में अक्षय की इस स्टाइल की फिल्में भागमभाग और हाउसफुल वगैरह खूब चली थीं. आज उनमें से कई फ्रेंचाइजी की शक्ल ले चुकी हैं. लंबे समय से बॉलीवुड में इस तरह की कॉमेडी फिल्म ने कोई तगड़ा कमाल नहीं किया है, इसलिए जनता में फिल्म का हाल देखने की काफी जिज्ञासा है. मगर फिल्मलवर्स में वेलकम टू द जंगल की एक और चीज को लेकर बहुत जिज्ञासा है— डायरेक्टर अहमद खान. 22 साल पहले अपनी पहली फिल्म डायरेक्टर करने वाले अहमद खान का करियर ग्राफ ऐसा है कि उनका नाम देखने के बाद कई लोग पहले ही वेलकम टू द जंगल के भविष्य पर सवाल उठाने लगे हैं. अनिल कपूर की आइकॉनिक फिल्म मिस्टर इंडिया (1987) में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अहमद ने अपना करियर शुरू किया था. किस्से बताते हैं कि 11 साल के अहमद को स्टेज पर ब्रेक डांस करते देखकर यह रोल दिया गया था. डांस में शुरू से ही मजबूत अहमद ने मिस्टर इंडिया के बाद सिर्फ 19 साल की उम्र में आमिर खान की दमदार हिट रंगीला (1995) की कोरियोग्राफी की थी.

## Highlights

1. In a first, NCERT adds section on 1975 Emergency to Class 9 textbook
2. 
3. Citizenship proof is to be Hindu, BJP voter: Mahua on passport row
4. Bengaluru family of 3 stabbed by elder daughter, boyfriend
5. Clear ₹2,500 challans on your car: BJP to Priyank Kharge on '50% discount' scheme
6. It was a direct assault on our Constitution: PM Modi on Emergency
7. Pahalgam terrorists used trekking app for coordinates, activated plan a week before
8. Pak's biggest dam lost 182 bn litres of storage capacity in 2025 after India suspended IWT

# Adani Group targets 10 GW nuclear energy by 2035



**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Group chairman Gautam Adani on Wednesday announced the group's entry into nuclear energy, setting a target of 10 gigawatts capacity by 2035 as part of its long-term clean power strategy.

Addressing shareholders at the annual general meeting in Ahmedabad, Adani said, "Our entry into nuclear energy through Adani Atomic Energy is another confident step towards securing India's long-term energy future. With land identified and a 10 GW targeted capacity by 2035, we are positioning ourselves early to serve the growing national demand for clean, round-the-clock power."

The announcement comes alongside a broader expansion plan in the energy sector. The group is implementing a ₹2 lakh crore capital expenditure programme in thermal power with a target of 45 GW capacity over five years. It has also partnered with Bhutan's Druk Green Power Corporation to jointly develop 5,000 MW of hydropower projects.

Adani said the group invested more than ₹1.5 lakh crore in infrastructure in 2025-26, which accounts for over 30% of India's private sector capital expenditure during the year.

In digital infrastructure, the group plans to build a 3 GW data centre platform by 2030 and has signed a binding agreement with Google for a large-scale data centre project in Visakhapatnam.

The chairman said the group's ports business handled over 500 million tonnes of cargo in 2025-26 and is targeting 1 billion tonnes by 2030. In aviation, the Navi Mumbai International Airport began operations in December 2025 with a planned capacity of 90 million passengers.

The group reported consolidated revenue of ₹2.92 lakh crore, up 7.4 per cent year-on-year, with profit after tax rising 13.9 per cent to ₹46,376 crore.

Adani said the group will restructure operations into a three-layer system to reduce bureaucracy and improve execution, while also focusing on workforce welfare across its nearly four lakh employees and contract workers.

He said the group's strategy is centred on integrating infrastructure and digital intelligence, with investments spanning energy, transport, logistics and data systems to support India's economic growth.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# ‘सतर्क रहे - सजग रहे अभियान’

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!

‘मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि’ की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

---

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक